एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी), इन्दौर (म.प्र)

क्रमांक 255/प्रवेश / MAHSI / 2025 इन्दौर, दिनांक 24/01/2025

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रोविजिनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन (सत्र 2023–24)

म.प्र. सह–चिकित्सीय परिषद, भोपाल के आदेश क्र. एफ–63(2) / कॉलेज / A23G0085 / 84 / 2025 भोपाल, दिनांक 15–01–2025 के अनुसार जारी अनुज्ञा के अनुसार स्टेट अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI), शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था) इन्दौर के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24 में विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रोविजिनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बॉयोलॉजी समूह पाठ्यक्रम से सत्र 2023–24 या पूर्व में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश कक्षा 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयलॉजी विषयों में प्राप्तांकों की मेरिट (प्रावीण्य सूची) के आधार पर दिए जावेंगे। सूचना तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष से कम होनी चाहिए। पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है –

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	डिप्लोमा	पाठ्यक्रम अवधि	प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या
1.	डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन	डिप्लोमा	2 वर्षीय	14
2.	डिप्लोमा इन कैथ लैब टेक्निशियन	डिप्लोमा	2 वर्षीय	02
3.	डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्रिस्ट रिफ्रेक्शन	डिप्लोमा	2 वर्षीय	07
			कुल सीट	23

1) पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर म.प्र. राज्य शासन के नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान है। आरक्षण के लाभ हेतु आवेदक को म.प्र. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2) प्रवेश हेतु आवेदन पत्र संस्था पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र में प्रातः 10.30 से 5.00 तक उपलब्ध रहेंगे। आवेदन का शुल्क अनारक्षित वर्ग के आवेदकों हेतु रुपये 800/– एवं आरक्षित वर्ग (ST/SC/OBC) के आवेदकों हेतु रुपये 500/– है, जिसे दिनांक 05–02–2025 प्रातः 10.00 बजे तक वांछित संलग्नकों के साथ जमा करवाना होगा।
3) सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत कर चुके आवेदकों को उक्त प्रवेश प्रकिया में सम्मिलित होने हेतु पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा, किन्तु पूर्व में जमा किये गये आवेदन शुल्क की रसीद संलग्न करने पर पृथक से कोई आवेदन शुल्क देय नहीं होगा।
4) प्राप्त आवेदनों की प्रवेश हेतु वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) जारी कर दिनांक 05–02–2025 को काउंसिलिंग प्रक्रिया द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किये जावेंगे।
5) प्रवेश प्रक्रिया के विस्तृत नियमों एवं शुल्क की जानकारी हेतु संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर उपलब्ध सत्र 2023–24 की सह–चिकित्सीय स्नातक, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम की प्रवेश विवरणिका का अवलोकन करें।
6) प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु पृथक से कॉल लेटर जारी नहीं किया जावेगा।
7) उक्त तिथियों / प्रक्रिया में किसी प्रकार के परिवर्तन की सूचना चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाइट www.mgmmcindore.in, संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in एवं संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रसारित की जावेगी, अतः वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

Principal
MGM Allied Health Science Institute (MAHSI)
MGM Medical College, Indore (M.P.)

(डॉ. वी. पी. पाण्डे)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

DEAN
MGM MEDICAL COLLEGE
INDORE